
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

15 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 15 नवम्बर

1. **भगवान बिरसा मुण्डा जयंती–** झारखंड के आदिवासी दम्पति सुगना और करमी के घर जन्में बिरसा मुण्डा ने ब्रिटिश कालीन जमींदारों के शोषण के खिलाफ आवाज उठायी थी। उनका जन्म राँची जिले के अड़की प्रखण्ड के उलीहातु गाँव में 15 नवम्बर, 1875 ई. को हुआ था। बिरसा बचपन से साहसी और बहादूर थे। वे बचपन में जंगल में बकरियाँ चराया करते थे। जंगल में चरते–चरते बकरियां दूर चली जाती थीं। घर लौटने के समय बिरसा बाँसुरी बजाते, जिसकी आवाज सुनकर बकरियाँ उनके पास चली आती थीं। एक बार वे जंगल में बकरियाँ चरा रहे थे। अचानक झाड़ी में से एक बाघ निकलकर बकरियों पर झपटा। उन्हें बचाने के लिए बिरसा बाघ से लड़ पड़े। बाघ ने अपने नुकीले दाँतों से उसने बिरसा को घायल कर दिया। मगर बहादूर बिरसा ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी कुल्हाड़ी से बाघ को मार डाला।
गरीबी के वजह से उन्हे रोजगार के लिए समय–समय पर अपना घर बदलना पड़ा। इसी क्रम में उन्हें चाईबासा के इंग्लिश मिडिल स्कूल में पढ़ने का मौका मिला। 1894 ई. में आए अकाल के दौरान बिरसा मुंडा ने मुंडा समुदाय और अन्य लोगों के लिए अंग्रेजों से लगान माफी की मांग के लिए आंदोलन किया। 1895 ई. में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हजारीबाग केन्द्रीय कारागार में दो साल के कारावास की सजा दी गयी। अकाल पीड़ितों की सेवा के कारण उस इलाके के लोग उन्हें 'धरती बाबा' के नाम से पुकारा और पुजा करते थे। पारम्परिक भू–व्यवस्था के जमींदारी व्यवस्था में बदलाव के कारण बिरसा ने मुण्डा विद्रोह की शुरूआत किया। वर्ष 1897 से 1900 के बीच बिरसा और उनके चाहने वालों ने अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया। 3 फरवरी, 1900 ई. को उन्हें अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया और 9 जून को राँची कारागार में ही हैजे से उनकी मृत्यु हो गयी।

2. **नाथुराम गोडसे को फांसी–** महात्मा गांधी के हत्यारे नाथुराम गोडसे और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को 13 नवम्बर, 1949 ई. को फाँसी दी गई थी। नाथुराम गोडसे ने ही महात्मा गांधी हत्या 30 जनवरी, 1949 ई. को किया था जब वे बिरला मंदिर, दिल्ली में प्रार्थना सभा में जा रहे थे।

3. **झारखण्ड का स्थापना दिवस–** 15 नवम्बर, 2000 ई. को ही झारखण्ड राज्य बिहार से अलग होकर भारत का 28वां राज्य बना था। झारखंड का शाब्दिक अर्थ है 'जंगलों का प्रदेश'। अलग झारखंड राज्य की मांग सर्वप्रथम 1938 में जयपाल सिंह के नेतृत्व में आदिवासी महासभा ने उठायी थी।

   - **क्या बतायें?** झारखंड की चौहद्दी, जनजाति और उद्योग के बारे में बतायें।

F r i d a y

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

## मधु प्रिया

# झारखंड राज्य का गठन 15 नवंबर



झारखंड राज्य का गठन 15 नवंबर 2000 को हुआ था। हर साल 15 नवंबर को झारखंड दिवस के रूप में मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने 1989 में झारखंड मामले पर एक समिति का गठन किया। राम दयाल मुंडा, बी.पी. केसरी, विनोद बिहारी महतो, संतोष राणा और सूरज सिंह बेसरा ने मामले पर एक नई पहल की। इस क्षेत्र के लिए विकास निधि के अधिक आवंटन की आवश्यकता पर बल दिया। दिसंबर 1994 में झारखंड क्षेत्र स्वायत्त परिषद विधेयक बिहार विधान सभा में पारित हुआ। 1998 में केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य के गठन से संबंधित विधेयक को बिहार विधान सभा में भेजने का निर्णय लिया। झारखंड में 21 सितंबर 1998 को बिहार विधान में मतदान हुआ था। भारत के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में झारखण्ड नाम का एक राज्य है। बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश क्रमश: उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम में झारखंड के पड़ोसी हैं। रांची इसकी राजधानी के रूप में कार्य करता है। भारत के सबसे नए राज्यों में से एक, झारखंड, 2000 में बिहार के दक्षिणी क्षेत्र से अलग हो गया था। यह राज्य अपनी पहाड़ियों, पवित्र स्थलों और झरनों के लिए प्रसिद्ध है। रजरप्पा, बैद्यनाथ धाम और पारसनाथ कुछ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। झारखंड राज्य कोयला, लौह अयस्क, ग्रेफाइट, मैग्नेटाइट और डोलोमाइट जैसे खनिज संसाधनों से समृद्ध है। झारखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जो कोकिंग कोल, यूरेनियम और पाइराइट का उत्पादन करता है। झारखंड राज्य की 80% ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। झारखंड की सबसे प्रमुख बहुउद्देशीय बिजली परियोजना दामोदर घाटी निगम है।

जयंती विशेष 15 नवंबर राकेश कुमार




**बिरसा मुंडा** *Birsa Munda*, जन्म- 15 नवम्बर, 1875 ई., राँची, झारखण्ड; मृत्यु- 9 जून, 1900 ई., राँची जेल) एक आदिवासी नेता और लोकनायक थे। ये मुंडा जाति से सम्बन्धित थे। वर्तमान भारत में रांची और सिंहभूमि के आदिवासी बिरसा मुंडा को अब 'बिरसा भगवान' कहकर याद करते हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 15.11.2024

## बाल विकास का ज्ञान

बाल विकास के अध्ययन से बालक के व्यक्तित्व का विकास सरलता से किया जा सकता है । बालक में अनेक क्षमताएं एवं शक्तियां पाई जाती हैं तभी उचित दिशा में विकसित होती है । जब बालक के विकास की विभिन्न अवस्थाओं का ज्ञान अभिभावक को होता है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



चीन में एक बहुत ही ऊँचा पहाड़ है जिसे तियानमेन माउंटेन कहते हैं। इस पहाड़ पर 1,500 मीटर की ऊंचाई पर एक कांच पुल का बना हुआ है जिसे ग्लास स्काईवॉक कहते हैं। यह कांच का पुल लगभग 100 मीटर लंबा है. इस पुल पर हर साल रोमांच के लिए हजारों पर्यटक आते है।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर






cricket



## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का शेड्यूल



| मैच | कहां | कब |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | पर्थ | 22-26 नवंबर |
| दूसरा टेस्ट | एडिलेड | 6-10 दिसंबर (D/N) |
| तीसरा टेस्ट | गाबा | 14-18 दिसंबर |
| चौथा टेस्ट | मेलबर्न | 26-30 नवंबर |
| पांचवां टेस्ट | सिडनी | 3-7 जनवरी |

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे 2014 से

**2014-15**
ऑस्ट्रेलिया
ऑस्ट्रेलिया 2-0 से जीता

**2017**
भारत
भारत 2-1 से जीता


**2018-19**
ऑस्ट्रेलिया
भारत 2-1 से जीता


**2020-21**
ऑस्ट्रेलिया
भारत 2-1 से जीता

**2023**
भारत
भारत 2-1 से जीता


HAPPY
BIRTHDAY
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
15 नवंबर 1986
टेनिस खिलाड़ी
सानिया मिर्जा
को जन्मदिवस पर हार्दिक
शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक
बिरसा मुंडा
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 15 नवम्बर 1875
मृत्यु - 9 जून 1900
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


15 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
झारखंड राज्य
स्थापना दिवस पर समस्त राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


15 नवंबर
गुरु नानक देव जी के सद्कर्म, हमें सदा राह दिखाएंगे,
वाहे गुरु के ज्ञान से सबके बिगड़े काम बन जाएंगे..
गुरु नानक
के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org



15 नवंबर
झारखंड राज्य
के स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
15 नवंबर 1986
सानिया मिर्ज़ा
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


15 नवंबर
जनजातीय गौरव दिवस
महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक भगवान
बिरसा मुंडा
की जयंती पर शत-शत नमन
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org